हिन्दी

अध्याय-3: ज्ञान प्राप्ति

SHIVOM CLASSES
8696608541

NCERT SOLUTIONS

प्रश्न (पृष्ठ संख्या 48)

प्रश्न 1 अराड मुनि ने अविद्या किसे कहा है?

उत्तर- अराड मुनि ने अविद्या निम्नलिखित अवस्थाओं को कहा है-

- 1.आलस्य
- 2.जन्म-मृत्यु मोह
- 3.काम
- 4.क्रोध
- 5.विषाद

अराड मुनि के अनुसार आलस्य,क्रोध, विषाद अंधकार हैं और जन्म-मृत्यु मोह एवं काम महामोह है| इन पाँचों अविद्याओं से अगर इंसान मुक्त हो गया तो उसका जीवन सार्थक कहलायेगा|

प्रश्न 2 कठोर तपस्या में लगे सिद्धार्थ ने किस कारण भोजन करने का निर्णय लिया?

उत्तर-काफी दिनों से अन्न न ग्रहण करने की वजह से सिद्धार्थ काफी दुर्बल हो चुके थे| कुछ समय बाद उन्हें खुद ही ऐसा लगा कि यह दुर्बलता उनको मोक्ष नहीं दिलवा सकती| अस्वस्थ मन से कभी कोई समाधि नहीं पा सकता| समाधि पाने के लिए मानसिक शक्ति प्रबल होनी चाहिए और मानसिक शक्ति के लिए आहार ग्रहण करना बहुत जरूरी है| इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए सिद्धार्थ ने भोजन करने का निर्णय लिया|

प्रश्न 3 मार कौन था? वह बुद्ध को क्यों डरा रहा था?

उत्तर- मार सद्धर्म का शत्रु था जिसे कामदेव के नाम से भी जाना जाता है| मार को लगता था कि बुद्ध उसका राज्य जीतना चाहते हैं| वह बार-बार बुद्ध को डराने लगा ताकि उनका ध्यान भंग हो जाए और वो मोक्ष को प्राप्त करने की विद्या ना हासिल कर पाए|

प्रश्न 4 सिद्धार्थ के बुद्धत्व प्राप्त करने पर प्रकृति में किस प्रकार की हलचल दिखाई पड़ी?

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

SHIVOM CLASSES 8696608541

उत्तर- सिद्धार्थ के बुद्धत्व प्राप्त करने पर पूरी प्रकृति में हर्षोल्लास का माहौल छा गया, बिन मौसम बरसात होने लग गई| आसमान से फूलों की वर्षा होने लगी,मानो पूरी प्रकृति बुद्ध का स्वागत कर रही हो| चारों दिशाओं में ज्ञान प्रवाहित होने लग गए| सुंदर शिथिल पवन बहने लग गई, ऐसा लग रहा था मानो चारों और सद्धर्म की दीप जल रही हो, स्वर्ग से भी देवतागण आकर बुद्ध को नमन करने लग गए| वातावरण में चारों ओर उमंग ही उमंग दिख रहा था| है | आप लोग इसी प्रकार धर्म के मार्ग पर चलें |

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)